जाग उठा हमारा आजाद हिन्दुस्तान

9 मई 2023

# इंदर बिरला की मजबूत दावेदारी और कांग्रेस में टिकिट की बढ़ती प्रतिष्पर्धा

## टिकिट के सभी दावेदारों का एक ही लक्ष्य- कांग्रेस को मजबूत बनाकर 2023 में कांग्रेस की सरकार बनाना -इंदर बिरला



सनावद - विधानसभा चुनावों का समय नजदीक आते देख अब बड़वाह विधानसभा क्षेत्र में राजनैतिक माहोल गरमाने लगा है। कांग्रेस एवं भाजपा में टिकिट के नित नये दावेदार अब किसी न किसी प्रसंग के बहाने अपना शक्ति प्रदर्शन कर मीशन 2023 में विधानसभा टिकिट के लिये मजबूत दावेदारी पेश करने लगे है।

पिछले दिनों बड़वाह भाजपा के पूर्व विधायक श्री हितेन्द्र सिंह सोलंकी एवं मंडल अध्यक्ष श्री लाला बना ने अपना जन्म दिन बडे विराट स्तर पर मनाकर भाजपा के टिकिट की मजबूत दावेदारी पेश की तो अब कांग्रेस में भी सनावद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कांग्रेस नेता श्री इन्दर बिरला ने भी धूमधाम से अपना जन्म दिन मनाकर मीशन 2023 में कांग्रेस के टिकिट हेतु अपनी मजबूत दावेदारी का आगाज कर दिया है।

गुर्जर बाहुल्य बड़वाह विधानसभा सीट पर इस बार गुर्जर समाज से पूर्व सासंद श्री ताराचंद पटेल के भतीजे एवं प्रदेश कांग्रेस महामंत्री श्री नरेन्द्र पटेल की मजबूत दावेदारीमानी जारही है वही अब इन्दर बिरला के टिकिट की दोड़ में उतर जाने के बाद कांग्रेस में राजनैतिक माहोल दिनों दिन रोचक होता जा रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री इंन्दर बिरला ने आजाद हिन्दुस्तान के माध्यम से समस्त नगरवासी एवं विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोगों द्वारा जन्म दिन पर दी गई बधाईयों, आशीर्वाद, एवं दुआवों के लिये आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इस जन्म दिन पर सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र वासियों का जो अथाह प्रेम मुझे मिला उसके प्रति मै कृतज्ञ एवं आभारी हूं।

मीशन 2023 में अपनी दावेदारी के बारे में बात करते हुये श्री इंदर बिरला ने आजाद हिन्दुस्तान को बताया कि चुनाव नजदीक है तो सभी दलों में टिकिट की नई नई दावेदारियां होना स्वभाविक है। बड़वाह विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के टिकिट के लिए हमारे बडे भाई एवं मार्गदर्शक श्री नरेन्द्र पटेल, बड़वाह ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनीलेश रोकडिया, पूरे क्षेत्र में लगातार सक्रीय तिलोक राठोड़, पूर्व पीसीसी मंत्री श्री अशोक जैन आदि अनेक नेता पहले से दावेदारी कर रहे है। जहां तक मेरी दावेदारी का प्रश्न है तो क्षेत्र में आम कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भावना एवं अपार प्यार को देखते हुये मै भी मीशन 2023 में कांग्रेस से अपनी दावेदारी की भावना रखता हूं। यदि पार्टी ने मुझे अवसर दिया तो निश्चित ही मै संगठन के आदेश का पालन करते हुये पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ूंगा और कांग्रेस की जीत का परचम लहराउंगा लेकिन यह भी स्पस्ट है यदि पार्टी ने किसी ओर को टिकिट दिया तो भी उसी ताकत एवं जोश के साथ मेहनत कर कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाने में कोई कसर नही छोडूंगा। टिकिट की लडाई केवल प्रत्याशी की घोषणा तक है उसके बाद सभी के लिये पार्टी का आदेश एवं पार्टी की जीत हम सबका लक्ष्य है।

### आजाद हिन्दुस्तान- इंदर भाई इस बार का जन्म दिन बडे उत्साह एवं धामधूम से मनाया गया इसके पीछे कोई खास वजह ?

**इंदर बिरला–** पिछले नगरपालिका चुनाव में सनावद की जनता ने हमे सनावद के विकास की जिम्मेदारी दी है तो क्षेत्र में विकास को लेकर सक्रीयता के साथ आम लोगों, पार्टी कार्यकताओं एवं नगरवासियों से सीधा सम्पर्क बढा है ऐसे में इस बार जन्म दिन पर लोगों का प्यार, आशीर्वाद भी खूब नजरआया। बस यही कारण है कि आपको इस बार जन्म दिन कुछ खास नजर आया। लोगों के प्रेम का यही तो जादू है कि छोटा सा अवसर भी खास बन जाता है। मै आभारी हूं समस्त नगरवासियों, कांग्रेस कार्यकताओं, मित्र गणों, वरिष्ठों का जिन्होने मेरे जन्म दिन पर मुझे इतना प्यार एवं आशीर्वाद दिया। मै उन्हे विश्वास दिलाता हूं कि आपका यह बेटा आप के द्वारा दी गई नगर विकास की जिम्मेदारी पर हमेशा पूरी तरह खरा उतरकर दिखायेगा।

### आ.हि- क्षेत्र में चर्चा है कि जन्म दिन के बहाने आपने मीशन 2023 को लेकर विधानसभा टिकिट के लिये अपनी दावेदारी का आगाज कर दिया है ...

**इन्दर बिरला –** चुनाव आया है तो राजनीति में रहने वाले लोगों की दावेदारियां भी सामान्य बात है। टिकिट के लिये कार्यकर्ताओं की दावेदारियां चुनाव में पार्टी की तैयारियों एवं सक्रीयता को दिखाती है। कांग्रेस पार्टी इस बार के विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत एवं तैयारियों के साथ चुनावी मेदान में उतरने वाली है और यह भी तय है कि इस बार फिर से प्रदेश मे कांग्रेस की सरकार बनना तय है। जहां तक दावेदारियों का सवाल है कांग्रेस में हमारे बडे भाई नरेन्द्र पटेल, श्री नीलेश रोकडिया, श्री तिलोक राठोड, श्री अशोक जैन, श्री सोहन शाह सहित अनेक नेता टिकिट की मांग कर रहे है। उसी तरह क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की भावना का सम्मान करते हुये मै भी इस जिम्मेदारी को उठाने को तैयार हूं। यदि पार्टी मुझे अवसर देती है तो क्षेत्र के मतदाताओं के समर्थन से कांग्रेस एक बार फिर ऐतिहासिक जीत अर्जित करेगी।

### आ.हि. -आपकी इस दावेदारी के बाद क्या लम्बे समय से टिकिट की मांग कर रहे दावेदार आपसे नाराज तो नही हो जायेगे या उनकी संभावनाओं पर कोई फर्क तो नही पडेगा ?

**इन्दर बिरला –** देखिये चुनाव आते है तो अनेक दावेदार अपनी अपनी संभावनाये तलाशते है और टिकिट के लिये प्रयास करते है लेकिन यह भी स्पस्ट है कि कांग्रेस में केवल किसी की दावेदारियों से टिकिट तय नही होते। संगठन द्वारा करवाये गये सर्वे, आपकी कार्यकतार्आ एवं आम जनता में स्वीकार्यकता, जीतने की क्षमता आदि अनेक कसोटियों पर खरा उतरने के बाद टिकिट तय होता है तो ऐसे में किसी एक की दावेदारी से दूसरा नाराज हो जाये या उसकी संभावना पर कोई फर्क पडे ऐसा बिल्कुल नही है। सभी दावेदार हमारे अपने है और हम एक दूसरे का सम्मान करते है। हमारी दावेदारी केवल टिकिट तक है उसके बाद कांग्रेस के सभी नेता एवं कार्यकर्ताओं का एक ही लक्ष्य होगा कांग्रेस की जीत।

### आपकी नजर में आगामी विधानसभा चुनाव में बडवाह विधानसभा क्षेत्र के लिए क्या प्रमुख मुद्दे होगें

**इन्दर बिरला –** 15 महीने की कांग्रेस सरकार को छोड़ दिया जाए तो 2 दशक से लगातार बड़वाह में भाजपा ने जीत दर्ज की है। सरकार,विधायक और सांसद भाजपा का होते हुए भी बड़वाह विधानसभा क्षेत्र विकास के हर पैमाने पर पिछड़ा हुवा नजर आता है। इसके पीछे सबसे बडा कारण है स्थानीय जन प्रतिनिधियों की क्षेत्र के विकास के प्रति उदासीनता। उद्योग के क्षेत्र में असीमित संभावना ओर पानी तथा बिजली की प्रचुरता के बावजूद यहां 20 साल में एक भी बडा उद्योग नही आ पाया। बडवाह को जिला बनाने की मांग को सरकार लगातार अनदेखी कर रही है। किसान,युवा,व्यापारी सभी महंगाई, बेरोजगारी से परेशान है ऐसे में इस बार के चुनाव में जनता एक बार फिर परिवर्तन के मूड में है और फिर से कांग्रेस की सरकार बनना तय है।

### आ.हि.-आप की पहचान किसानों के हित मे संघर्ष शील नेता की रही है। आने वाले चुनाव में किसानों का मुद्दा कितना प्रभावशाली रहेगा।

**इन्दर बिरला–** आज प्रदेश में ही नही देश भर में किसान दयनीय स्थिति में है। मध्यप्रदेश में तो किसानों को प्रतिवर्ष प्रकृति की मार के साथ सरकार की उदासीनता एवं गलत नीतियों का दंश झेलना पड रहा है। किसान आज कर्ज के तले दबा हुवा है अब सरकार ने डिफाल्टर किसानों को जीरो परसेंट ब्याज पर कर्ज देना तक बंद कर दिया है। कांग्रेस की सरकार ने किसानो की कर्जमुक्त करने का काम प्रारंभ किया था लाखो किसानों का कर्ज माफ भी हुवा लेकिन भाजपा द्वारा विधायको की खरीदफरोख्त कर सरकार गिरा दी। जिसका आक्रोश अब किसान आने वाले चुनाव में लेंगे।

कुल मिलाकर इन्दर बिरला की पहचान एक संघर्ष शील किसान नेता की मानी जाती है। किसानों के हित में हुये हर आन्दोलन में इन्दर बिरला अग्रणी रहे है। अब नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि की जिम्मेदारी के बाद शहरी क्षेत्र एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में श्री बिरला की मजबूत पकड होती जारही है। ऐसे में उनका टिकिट की दोड़ में उतरना कांग्रेस में पहले से चल रही टिकिट की जंग में और रोचकता लेकर आयेगा।

अब देखना यह है कि श्री इन्दर बिरला मीशन 2023 के टिकिट की दोड़ में कितना सफल हो पाते है या नही यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

# भाजपा में टिकिट सर्वे एवं संगठन के निर्णय से तय होते है- हितेन्द्र सिंह सोलंकी

## लम्बे समय के बाद श्री सोलंकी नजर आये अपने पुराने रंग में



बड़वाह - मंगलवार को नर्मदा मार्ग स्थित खंडेलवाल बेकरी पर सेकडों भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने एकत्रित होकर पिछले 15 सालों में एक छत्र भाजपा के विधायक रहे श्री हितेन्द्र सिंह सोलंकी का जन्म दिन बडे ही उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया। कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत कर श्री सोलंकी को जन्म दिन की बधाईयां दी। इस अवसर पर भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता एवं संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे। अरसे बाद श्री सोलंकी के स्वागत में बड़वाह में इतने संगठन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का हूजूम नजर आया जो नजदीक आते विधानसभा चुनाव को देखते हुये भाजपा की राजनीति में एक नये संकेत देते हुये भी नजर आये। जन्म दिन के आयोजन के बीच आजाद हिन्दुस्तान के आग्रह पर श्री सोलंकी ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की रणनीति, कांग्रेस से भाजपा में गये सचिन बिरला की तगडी दावेदारी के बीच खुद की दावेदारी एवं वर्तमान राजनीति के बारे में बातचीत की।

सबसे पहले उन्होने खरगोन के सैगांव में हुई बस दुर्घटना में 24 लोगों के मारे जाने पर मृतक आत्माओं को हार्दिक श्रद्धांजली अर्पित करते हुये शासन एवं प्रशासन से आग्रह किया कि जितना जल्द हो सके मृतक के परिवार को एवं घायल यात्रियों को जितना त्वरित गति से हो सके सहायता एवं ईलाज करवाया जाये। उसके बाद प्रारंभ हुआ श्री सोलंकी से बातचीत का सिल सिला-

### आजाद हिन्दुस्तान- विधानसभा चुनाव नजदीक है। आने वाले चुनाव में भाजपा की स्थिति क्या देखते है और किन मुद्दों को लेकर भाजपा जनता की अदालत में जायेगी।

**श्री सोलंकी–** जहां तक आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की बात है तो यह तय है कि एक बार फिर हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी जी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान के नेतृत्व में भाजपा पूण बहुमत से सरकार बनाने जारही है। क्यो कि सड़क, पानी, बिजली के मुद्दे पर हमारी सरकार के विकास कार्यो के बाद अब समाप्त हो चुके है ऐसे में कांग्रेस के सामने भाजपा के विरोध का कोई मुद्दा ही नही बचा। कांग्रेस प्रदेश ही नही देश मे अपना अस्तित्व खोती जारही है वहीं भाजपा देश में सबसे मजबूती से उभर कर देश एवं प्रदेश को नई उंचाईयों पर लेती जारही है। अब हमारा प्रयास कि हम पूरे क्षेत्र को औधोगिक क्षेत्र में मजबूत करे। जहां तक मुद्दों की बात है हम जनता से ही पूछ रहे है कि अब भाजपा सरकार से आपकों क्या अपेक्षा है उन पर हम गंभीरता से काम करेगें।

### आ.हि.- आपके सामने ही कांग्रेस के टिकिट पर चुनाव लड़कर विधायक बने श्री सचिन बिरला अब भाजपा के पाले में है और उन्हे मुख्यमंत्री जी ने आगामी चुनाव में टिकिट की हरी झंडी दी हुई है ऐसे में आपकी दावेदारी में कितना दम है या फिर यह चुनाव श्री बिरला का ही लडना तय है ..

**श्री सोलंकी–** देखिये भाजपा में दावेदार का नही कमल निशान का महत्व है। टिकिट के दावेदार कई लोग है लेकिन भाजपा में टिकिट का निर्धारण किसी की पंसद या नापंसदगी से नही होता बल्कि पार्टी द्वारा लगातार करवाये जारहे सर्वे में जनता की पंसद के आधार पर तय होता है। जहां तक मेरी दावेदारी का सवाल है दावेदारी तो सभी है और रहेगी लेकिन संगठन जिसका भी टिकिट तय करेगा उसकी जीत के लिये पूरी भाजपा एकजुट होकर काम करेगी।

### आ.हि.- बड़वाह में जिला बनाने का मुद्दा एक बार फिर जोरों से उठ रहा है, आपने भी इसके लिये प्रयास किये थे अब शासन की मदद से आप इसे लेकर क्या प्रयास करेगें।

**श्री सोलंकी –** बड़वाह को जिला बनाने की मांग काफी लम्बे समय से शासन के पास विचाराधीन है। हमने अनेक बार इस सबंध में शासन को पत्र लिखे है और विधानसभा में सवाल भी किया है लेकिन किन्ही कारणों से अभी तक घोषणा नही हो पाई लेकिन अब लगता है कि बड़वाह को जिला बनाने की घोषणा का समय आ गया है और आशा है कि बहुत जल्द सरकार इस बारे में निर्णय लेकर बड़वाह को जिला बनाने की घोषणा कर दे।

### आ .हि.- औधोगिक संसाधन होते हुये भी बड़वाह विधानसभा क्षेत्र औधोगिक दृष्टि से पिछडा नजर आता है ऐसे में आपके क्या प्रयास होगें ?

**श्री सोलंकी–** यह सही है कि भाजपा सरकार के प्रयासों से क्षेत्र में बिजली, पानी एवं औधोगिक क्षेत्र के सभी संसाधन यहां मोजूद है ऐसे मे यह तय है कि शासन के सहयोग से विधानसभा क्षेत्र अब आने वाली भाजपा सरकार के शासन काल में औधोगिक दृष्टि से एक नया मुकाम हांसिल करेगा। मुख्यमंत्री जी एवं हमारे सभी जनप्रतिनिधि इस आर निरंतर प्रयासरत है।

इस तरह देखा जाये तो श्री सोलंकी ने अपने छोटे से साक्षात्कार में यह बात स्पस्ट करदी है कि आने वाले चुनाव में टिकिट को लेकर उनकी मजबूत दावेदारी है। उनका यह कहना भी खास संकेत देता है कि भाजपा में किसी की पंसद या ना पंसद से नही सर्वे एवं संगठन की कसोटी के आधार पर तय होते है बहुत कुछ संकेत दे जाता है। भाजपा में इन दिनो टिकिट की दावेदारी को लेकर सचिन बिरला के साथ ही श्री हितेन्द सिंह सोलंकी, लाला बना, श्री राकेश गुप्ता के नाम मुख्य रूप से चर्चा में है। अब देखना यह है कि सचिन बिरला से किया गया मुख्यमंत्री जी का वादा अब कितना दम दिखाता है। वो वादा सचिन बिरला से केवल उपचुनाव को लेकर था या 2023 के लिये। यह बहुत जल्द ही सबके सामने नजर आजायेगा।

श्री सोलंकी को बधाई देने वालो में वरिष्ठ नेता श्री लादूराम साहू, अशोक तिवारी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्री लक्ष्मण काग, शहर मंडल अध्यक्ष श्री लाला बना, भाजपा के चाणक्य श्री जितेन्द्र सुराणा, वरिष्ट नेता एवं पार्षद श्री गणेश पटेल, भाजपा महामंत्री श्री रवि ऐरन एवं रोमेश विजयवर्गीय, वरिष्ठ एवं सक्रीय पार्षद श्री जिम्मी तोमर, श्री राहूल वर्मा, श्री एनएस सोलंकी आदि सेकडों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मोजूद थे।

# राजनेतिक दलदल में स्वच्छ छवि वाले जनसेवक कांग्रेस नेता श्री आशीष चोधरी

सनावद–भ्रष्टाचार की पर्याय बन चुकी वर्तमान राजनीति के दलदल में किसी राजनैता द्वारा अपनी स्वच्छ एवं बेदाग छवि तथा आम जनता में निस्वार्थ जनसेवक की छवि बरकरार रखना असंभव नही तो मुश्किल जरूर है लेकिन काजल की कोठरी कहे जाने वाली राजनीति में आज भी कुछ जनप्रतिनिधि क्षेत्र में मोजूद है जिनका राजनीति में रहन का लक्ष्य खुद के किसी स्वार्थ से प्रेरित नही बल्कि सच्चे अर्थो में जनता की सेवा करना ही रहा है। आज सनावद कांग्रेस के एक ऐसे युवा नेता की चर्चा कर रहे है जिसने आज तक बिना किसी पद की लालसा,एवं किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के केवल कांग्रेस की सतत सेवा की बल्कि आम जनता की सेवा में भी लगातार सक्रीय रहकर लोगों के दिलो में अपना स्थायी मुकाम बनाया है। राजनीति के कीचड में कमल की तरह निर्लिप्त रहने वाले इस युवा कांग्रेस नेता का नाम है श्री आशीष चौधरी। पुराने समय में कांग्रेस के ईमानदार, कर्तव्य निष्ठ नेता एवं समाज सेवी रहे स्व. श्री इन्दरचंद जी चोधरी के सुपुत्र श्री आशीष चोधरी भी अपने पिता श्री के पदचिन्हो पर चलते हुये उनके द्वारा दिये गये संस्कारों के बलबूते पर एक स्वच्छ छवि वाले सच्चे जनसेवक की स्थायी छवि बनाने में कामयाब रहे है।

### श्री अशीष चोधरी किसी पद के पीछे नही बल्कि उनकी कर्तव्य निष्ठा से पद उनके पीछे भागते है

राजनीति में कहा जाता है कि पद के पीछे भागने वालों से पद कौसों दूर चला जाता है लेकिन जो व्यक्ति बिना किसी पद की लालसा के केवल जनसेवा में विश्वास रखता है उसके पीछे खुद पद दोडे चले आते है। ऐसा ही जीवन है हसंमुख, मिलनसार राजनेता श्री आयीष चोधरी का। वर्तमान में श्री आशीष चोधरी सनावद कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष एवं नगर पालिका सनावद में उपाध्यक्ष प्रतिनिधि के पद पर आरूढ है लेकिन इन पदों पर उनकी नियुक्ति का श्रेय उनकी कांग्रेस के



प्रति निस्वार्थ एवं सतत वफादारी का पारितोषिक ही माना जाता है। युवा कांग्रेस नेता श्री आशीष चोधरी कांग्रेस के उन समर्पित नेताओं में से अग्रणी है जिनका लक्ष्य केवल संगठन एवं वरिष्ठ नेताओं द्वारा दी गई किसी भी जवाबदारी को पूर्ण ईमानदारी के साथ बिना किसी सवाल जवाब के निभाना है। यही कारण है कि निमाड़ के सर्वोच्च नेता पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अरूण यादव, पूर्व सासंद श्री ताराचंद पटेल एवं प्रदेश महामंत्री श्री नरेन्द्र पटेल सहित सभी वरिष्ठों के विश्वास पात्र बने हुये है।

### जनसेवा एवं संगठन सेवा के लिये हर पल तैयार रहने वाले जन सेवक की छवि। लोगों के दिलों में बनाया स्थायी मुकाम

यही नही आम जनता के बीच भी श्री आशीष चोधरी की छवि ऐसे जननायक की तरह है जो जनसेवा में हर समय तत्पर रहते है। क्षेत्र की जनता चाहे किसी भी वार्ड की हो यदि आशीष चोधरी के पास किसी काम को लेकर पहूंची है तो उसका काम दलगत राजनीति से उपर उठकर त्वरित रूप से करने की कोशिश करते है।

अपने पूज्य पिता स्व. इन्दरचंद जी चोधरी भी कांग्रेस वरिष्ठ मार्गदर्शक एवं निष्ठावान कांग्रेसी रहे है। जिन्होने अपना पूरा जीवन जनसेवा एवं समाज सेवा में बेदाग छवि के साथ व्यतीत किया। उन्ही के पदचिन्हों पर चलते हुये आशीष चोधरी लोगों के दिलो में स्थायी मुकाम बनाने में कामयाब रहे है।

### जीवन में सादगी के साथ उच्च आदर्श जीवन की पूंजी

पिछले दिनों उनका जन्मदिन था, नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जैसा महत्वपूर्ण पद होते हुये भी उन्होने अपना जन्म दिन सादगी के साथ निभाया। उनके चहरे पर रहने वाली मीठी मुस्कान, उनका मिलनसार व्यक्तित्व एवं लोगों के सुख दुख में खडे रहने वाला उनका दयालू स्वभाव ही उनकी धरोवर है जिसका दिवाना सनावद का हर कांग्रेस कार्यकर्ता है। कांग्रेस के समर्पित सिपाही होने के नाते उनका एक ही लक्ष्य रहता है कि कांग्रेस हमेशा विजयी बने। हर चुनाव चाहे वो पार्षद का, विधायक का हो या सासंद का उन्हे ही संचालन की जिम्मेदारी सौपी जाती है और हर चुनाव में जिस तन्मयता से वे अपनी भूमिका निभाते आये है।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं मुद्रक- नवरत्नमल जैन, 5 बी/3 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर एवं 2/12 एनेक्स श्री कंवर कालोनी बड़वाह से प्रकाशित एवं कॉम्पेक प्रिंटर्स लि. फ्री प्रेस हाऊस 3/54 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर से मुद्रित। प्रधान संपादक -नवरत्नमल जैन - फोन-(07280)224750, मो. 9407133337